खबर संक्षेप

## चेक डैम धांधली केसः घोटालेबाज रिटायर्ड इंजीनियर सहित 5 जिम्मेदारों से वसूली के आदेश

**सतना।** जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत जाखी के अंतर्गत ग्राम लखमद में वर्ष 2018-19 में बनाए गए चेक डैम निर्माण में गंभीर धांधली उजागर हुई है। इस मामले में जिला पंचायत सतना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी ने विस्तृत सुनवाई के बाद कुल 11,10,913 रुपये की सरकारी राशि की वसूली का कड़ा आदेश जारी किया है। निर्धारित 10 दिनों की समयसीमा में राशि जमा नहीं करने पर पंचायत राज अधिनियम की धारा 92 के तहत जेल वारंट जारी करने और पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी गई है। सहायक यंत्री जनपद पंचायत उचेहरा के पत्र के आधार पर वर्ष 2024 में इस मामले की जांच कराई गई थी। जांच दल के स्थल निरीक्षण और दस्तावेजों के परीक्षण में पाया गया कि चेक डैम का निर्माण अत्यंत घटिया और गुणवत्ताविहीन सामग्री से किया गया था। वर्तमान में डैम की विंग वॉल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है,मेन वॉल में दरारें आ गई हैं और साइड वॉल भी टूट चुकी है,जिससे यह पूरी संरचना पूर्णतः अनुपयोगी हो चुकी है। जांच में यह भी सामने आया कि निर्माण स्थल की हाइड्रोलिक डिजाइन सही नहीं थी और मानकों को पूरी तरह दरकिनार किया गया। तकनीकी निगरानी और सामग्री की गुणवत्ता की अनदेखी करने के मामले में जिला पंचायत ने पांच लोगों को दोषी पाते हुए कुल 11,10,913 रुपये की रिकवरी निकाली है। इसके तहत प्रत्येक जिम्मेदार से राशि वसूली जाएगी।

## बंदूक चमकाने वाला संविदा उपयंत्री सस्पेंड,आरईएस में किया गया अटैच

**सतना।** शासकीय कार्यों के निरीक्षण के दौरान धौंस जमाने के लिए बंदूक लेकर घूमने,घोर अनुशासन हीनता के आरोपी संविदा उपयंत्री सतीश समेले पर गाज गिरी है। जनपद पंचायत मझगवां में पदस्थ उपयंत्री समेले को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने तत्काल प्रभाव से विभागीय कार्यों से विरत (निलंबित) कर दिया है। विरत अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यपालन यंत्री,ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सतना तय किया गया है। मामला तब गरमाया जब उपयंत्री समेले का निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान शासकीय कार्यस्थल पर बंदूक लेकर घूमने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। शिकायत मिलने पर जिला पंचायत ने जांच कराई। कारण बताओ नोटिस के जवाब में उपयंत्री ने बंदूक ले जाने की बात तो कबूली,लेकिन उनका स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं था। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। मामले की निष्पक्ष विभागीय जांच के लिए जनपद पंचायत उचेहरा के सीईओ को जांच अधिकारी तथा जनपद पंचायत मझगवां के सीईओ को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है,जिन्हें एक माह के भीतर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

# निजी स्कूल की बर्बरताः ड्रेस कोड न होने पर 6 साल की मासूम को बेरहमी से पीटा, शरीर पर उभरे जख्म

सतना।

मझगवा ब्लॉक के बरौंधा थाना अंतर्गत केलहोरा पंचायत के मंडा टोला से एक निजी स्कूल की क्रूरता का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ हरिद्वार की एक संस्था द्वारा संचालित 'देव विद्यालय' में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कक्षा 2 की 6वर्षीय मासूम बच्ची (कीर्ति,पिता-विजय प्रसाद) को सिर्फ इसलिए बर्बरतापूर्वक पीटा गया,क्योंकि वह तय यूनिफॉर्म में स्कूल नहीं आई थी। शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाली इस घटना में बच्ची की पीठ,छाती और हाथों पर मारपीट के गहरे लाल और सूजे हुए निशान आ गए हैं।



### मामला दबाने का प्रयास,ऑडियो आया सामने

घटना को छुपाने के लिए स्कूल प्रबंधन ने पहले परिजनों को गुमराह करते हुए दलील दी कि बच्ची स्कूल में कहीं गिर गई थी। लेकिन जब परिजनों ने शरीर पर छपे डंडों के निशान दिखाए और तीखे सवाल किए,तब प्रबंधन बैकफुट पर आया और स्टाफ की गलती स्वीकार की। इस बातचीत का एक ऑडियो भी सामने आया है। भयमुक्त शिक्षा के दावों के बीच मासूम से हुई इस अमानवीय प्रताड़ना के बाद अब देखना होगा कि प्रशासन दोषी शिक्षक पर क्या और कब तक कानूनी कार्रवाई करता है।

# कोतवाली पुलिस ने अवैध नशीली गोलियों के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**सतना।** शहर में अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार करने वालों के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है,जिसके पास से भारी मात्रा में नशीली टैबलेट बरामद की गई हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,7 जुलाई को शहर भ्रमण के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि बजरहा टोला का रहने वाला प्रदीप चौधरी मोहल्ले में घूम-घूमकर प्रतिबंधित नशीली गोलियां बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर रेड की। वहाँ एक संदिग्ध युवक हाथ में काली पॉलीथिन लिए खड़ा था,जो पुलिस को देखकर सकपका गया और भागने की कोशिश करने लगा। मुस्तैद पुलिस स्टाफ ने गवाहों के सहयोग से घेराबंदी कर उसे धर दबोचा।

### तलाशी में मिलीं 480 नशीली गोलियाँ

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रदीप चौधरी (उम्र 22 वर्ष),पिता पुरुषोत्तम चौधरी,निवासी बजरहा टोला बताया। जब पुलिस ने संदेह के आधार पर उसके पास मौजूद पॉलीथिन की तलाशी ली,तो उसमें से नशीली टैबलेट के 32 पत्ते बरामद हुए। प्रत्येक पत्ते में 15 नग गोलियाँ थीं,यानी कुल 480 नशीली टैबलेट जब्त की गईं। आरोपी के पास इस प्रतिबंधित दवा को रखने या बेचने का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला। पुलिस ने गवाहों के समक्ष दवाओं को सीलबंद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और माननीय न्यायालय में पेश किया। इस सफल कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजकुमार मिश्रा,सउनि दशरथ सिंह,आरक्षक 1081 उपेश पाठक और आरक्षक 94 निर्भय सिंह की महत्वपूर्ण और सराहनीय भूमिका रही।

# हाई-सिक्योरिटी वाले कलेक्ट्रेट परिसर से गाड़ी चोरी,सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

### कलेक्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



**सतना।** जिला मुख्यालय का सबसे सुरक्षित और वीआईपी क्षेत्र माने जाने वाले कलेक्ट्रेट परिसर से दिनदहाड़े चोरी की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शातिर चोरों ने कलेक्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए एक शासकीय कर्मचारी की स्कूटी पार कर दी। यह पूरी घटना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार,घटना रघुराजनगर ग्रामीण शाखा के एसडीएम कार्यालय की है। वहां पदस्थ बाबू शिवांक त्रिपाठी रोजाना की तरह ड्यूटी पर आए थे। उन्होंने अपनी स्कूटी (क्रमांक MP 19 MJ 9952) को कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा किया था। दोपहर के समय जब वे किसी काम से दफ्तर से बाहर आए,तो उनकी स्कूटी गायब थी। परिसर में गाड़ी न पाकर हड़कंप मच गया। जब कलेक्ट्रेट परिसर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए,तो उसमें एक अज्ञात चोर बड़े ही शातिर अंदाज में स्कूटी का लॉक खोलकर उसे ले जाता हुआ साफ दिखाई दे रहा है। कलेक्ट्रेट परिसर,जहां जिले के तमाम आला अधिकारियों के दफ्तर हैं और हर वक्त सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं, वहां से दिनदहाड़े गाड़ी चोरी होना सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करता है।

पिथौराबाद पशु चिकित्सालय में लटका ताला

# पशु चिकित्सालय बंद,कैसे सफल होगा एफएमडी टीकाकरण अभियान?

**सतना।** शासन द्वारा राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनएडीसीपी) के अंतर्गत 1 जुलाई से 15 सितंबर तक खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसी घातक बीमारी से पशुओं को बचाने के लिए जिलेभर में शत-प्रतिशत टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालन विभाग को प्रत्येक पात्र पशु का टीकाकरण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब शासकीय पशु चिकित्सालय में ही अक्सर ताला लटका रहता हो और पशु चिकित्सक नियमित रूप से उपलब्ध न हों,तो यह महत्वाकांक्षी अभियान आखिर कैसे सफल होगा? इसी सवाल के बीच विकासखंड उचेहरा के पिथौराबाद शासकीय पशु चिकित्सालय की स्थिति विभागीय व्यवस्थाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल अधिकांश दिनों में बंद रहता है। पूर्व पशु चिकित्सक डॉ.गुलाब सेन के मार्च में सेवानिवृत्त होने के बाद पदस्थ डॉ.घनश्याम सिंह पटेल की पदस्थापना की गई पर वे नियमित रूप से अस्पताल नहीं आते। शुरुआत में एक दो दिन अस्पताल नियमित खुला,लेकिन बाद में चिकित्सक की उपस्थिति अनियमित हो गई। और फिर महीनों से ताला ही लटक रहा है। कई बार दूर-दराज से बीमार पशुओं को लेकर पहुंचे पशुपालकों को अस्पताल के मुख्य द्वार पर ताला लटका मिलता है और उन्हें बिना इलाज के लौटना पड़ता है।



### निजी चिकित्सकों से उपचार कराना बना मजबूरी

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी अस्पताल बंद मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में निजी चिकित्सकों से महंगा इलाज कराना पड़ रहा है। इन दिनों बारिश के मौसम में खुरपका-मुंहपका बीमारी का खतरा सबसे अधिक रहता है। ऐसे समय में चिकित्सक की अनुपस्थिति न केवल पशुओं के उपचार को प्रभावित कर रही है,बल्कि शासन के टीकाकरण अभियान की सफलता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है।हालांकि इस संबंध में उप संचालक,पशुपालन विभाग ए.पी.सिंह ने संबंधित चिकित्सक के कुछ दिनों से अवकाश पर जाने तथा वहां कोई सहायक कर्मचारी उपलब्ध नहीं होनेपर ताला भी लगा होने की बात कही है साथ ही यह भी कहना है विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि अस्पताल अब नियमित रूप से संचालित हो।

# केजेएस सीमेन्ट में मानसून सेफ्टी के लिए हुई विशेष गेट मीटिंग




**मैहर।** केजेएस सीमेंट राजनगर में मानसून सुरक्षा के लिए विशेष गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। मेन गेट पर आयोजित इस सभा में सभी कर्मचारियों व श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।सभा में बारिश के मौसम में कारखाने,कर्मचारियों,उत्पादन इकाइयों और तैयार माल को पानी या नमी से बचाने के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों और बचाव के उपायों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान से की गई। इसके बाद सेफ्टी हेड अखिलेश कुशवाहा ने विषय प्रवर्तन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने मानसून सुरक्षा पर मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सुरक्षा से लेकर कर्मचारियों की सुरक्षा तक के महत्व को रेखांकित किया तथा कंपनी की ओर से फिसलन और बिजली के खतरों को कम करने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। माइंस हेड विजय सिंह राठौर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और बारिश के मौसम में सड़क व बिजली से सुरक्षा के उपायों की बारीकियों को समझाया। कार्यक्रम के अंत में काइजन,स्मॉल सेफ ग्रुप एक्टिविटी एवं असुरक्षित स्थिति रिपोर्टिंग के लिए विभिन्न कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोजेक्ट हेड बीके ठाकुर,सीएफओ ऋषिकांत गुप्ता, ईएंडआई हेड आर के नम्मी,प्रोसेस हेड अश्विनी सोनी,क्वालिटी कंट्रोल हेड रामजी पांडेय,एचआर महाप्रबंधक जेके झा,डॉ टीएस बघेल,राजीव शुक्ला,हिमांचल मिश्रा,विष्णु शर्मा,कीर्ति रमेश आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मनाई गई महाराजा अग्रसेन मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ



**सतना।** अग्रवाल नवयुवक मण्डल परिवार द्वारा माता महालक्ष्मी,माता माधवी एवं महाराजा अग्रसेन जी मंदिर निर्माण की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर श्रद्धा एवं उल्लास के साथ पूजन,हवन एवं स्वल्पाहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजन एवं हवन से हुआ,जिसमें समाज के सभी लोगों ने आस्था के साथ सहभागिता की तथा मंदिर की उन्नति एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर हाल ही में विंध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स की कार्यकारिणी में विजयी होकर निर्वाचित हुए अग्रवाल समाज के सभी सदस्यों का पुष्पमाला से सम्मान किया गया। समाजजनों ने सभी विजयी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता,सेवा भावना एवं सामाजिक सहभागिता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना निरंतर मजबूत होती है। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। आयोजन में बड़ी संख्या में अग्रबंधु एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही,जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा।

# बदेरा जितनी बड़ी ग्राम पंचायत उतनी ही मनमानी



**मैहर।** मैहर जिले की ग्राम पंचायत बदेरा में निर्माणाधीन पीसीसी सड़क को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी किए जाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मुख्य मार्ग से शासकीय महाविद्यालय तक बनाई जा रही पीसीसी सड़क में मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा, जिससे सड़क की गुणवत्ता और उसकी मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## महिलाओं ने सुनाए साइबर ठगी के अनुभव, बताया सतर्क रहने का मंत्र

**मैहर।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद कार्यालय मैहर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से साइबर सेल में पदस्थ महिला आरक्षक राजश्री नायडू द्वारा महिलाओं को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों,जैसे फर्जी कॉल,फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट,ओटीपी एवं यूपीआई फ्रॉड, संदिग्ध लिंक तथा एपीके फाइल के माध्यम से होने वाली साइबर धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।



# सतना जिले में अब तक 187.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

सतना।

जिले में इस वर्ष 1 जून से 8 जुलाई तक 187.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 296.4 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 203.6 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 161.2 मि.मी, बिरसिंहपुर में 241.9 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 181.2 मि.मी., नागौद में 202.8 मि.मी., जसो (नागौद) में 56.7 मि.मी. एवं उचेहरा में 158 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 232.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# 10 जुलाई को विशेष ऑन लाइन राजस्व वसूली शिविर

### वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर की अग्रिम राशि ऑनलाइन जमा करने पर मिलेगा रिबेट

**सतना।** *नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग,मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना द्वारा 10 जुलाई 2026 (शुक्रवार) को विशेष ऑनलाइन राजस्व वसूली शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर की अग्रिम राशि केवल ऑनलाइन माध्यम से जमा की जाएगी। अग्रिम ऑनलाइन भुगतान करने वाले करदाताओं को शासन के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार रिबेट (छूट) का लाभ प्रदान किया जाएगा। डॉ.शेर सिंह मीना,आयुक्त नगर पालिक निगम ने बताया कि डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु शिविर में नकद एवं चेक के माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। करदाताओं की सुविधा के लिए ऑनलाइन भुगतान संबंधी आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध रहेगी,ताकि वे आसानी से ऑनलाइन भुगतान कर सकें। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करते हुए 10 जुलाई को आयोजित विशेष ऑनलाइन राजस्व वसूली शिविर का लाभ उठाकर वित्तीय वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर की अग्रिम राशि ऑनलाइन जमा करें और शासन द्वारा प्रदत्त रिबेट का लाभ प्राप्त करें।*

# जीएम पर भ्रष्टाचार के आरोप,हटाने के लिए ठेकेदारों ने सीईओ और एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

सतना।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सतना के महाप्रबंधक उमेश कुमार साहू के खिलाफ स्थानीय ठेकेदारों का गुस्सा फूट पड़ा है। सतना जिला ठेकेदार यूनियन एसोसिएशन से जुड़े संविदाकारों के धरने के तीसरे दिन प्रशासनिक अमला हरकत में आया। आंदोलन स्थल पर पहुंचे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और सिटी एसडीएम को ठेकेदारों ने एक मांग पत्र और ज्ञापन सौंपा। ठेकेदारों का आरोप है कि जीएम उमेश कुमार साहू के कार्यकाल के दौरान विभाग की कार्यप्रणाली पूरी तरह प्रभावित हुई है। कथित कमीशनखोरी,व्यापक भ्रष्टाचार,मनमानी और पक्षपातपूर्ण व्यवहार के कारण निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है और ठेकेदारों को काम करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन परिस्थितियों को लेकर ठेकेदारों में गहरा असंतोष है।

## मझगवां के इन्द्र कुमार जायसवाल को पीएचडी की उपाधि

**सतना।** विकासखंड मझगवां अंतर्गत ग्राम एवं पोस्ट मझगवां निवासी इन्द्र कुमार जायसवाल को मगध विश्वविद्यालय,बोधगया (बिहार) के शिक्षा विभाग द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने Techno Stress Among Teachers in Education System with Special Reference to B.Ed. and B.Tech. Institutions in Bihar विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह शोधकार्य डॉ.प्रभात कुमार ढल,प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष,शिक्षा विभाग,मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। पीएचडी शोधप्रबंध का मूल्यांकन दो बाह्य परीक्षकों,डॉ.आशीष श्रीवास्तव,प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता (शैक्षणिक एवं अनुसंधान),अंतर-विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र (आईयूसीटीई), बनारस हिंदू विश्वविद्यालय,वाराणसी तथा डॉ.रविकांत,प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग,सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार,गया द्वारा किया गया। पीएचडी की अंतिम खुली मौखिक परीक्षा बाह्य परीक्षक डॉ.रविकांत की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इन्द्र कुमार जायसवाल मझगवां निवासी व्यवसायी कामता प्रसाद जायसवाल एवं श्रीमती चंदा देवी जायसवाल के सुपुत्र हैं। उनकी इस उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना विस्थापितों का चिता आंदोलन हुआ उग्र



**पन्ना। विस्थापन का दंश झेल रहे ग्रामीण, केन-बेतवा लिंक परियोजना, मझगाय, रूंझ, नेगुवा और एनटीपीसी जैसी परियोजनाओं से विस्थापित हुए परिवारों का श्चिता आंदोलन आज छठवें दिन भी पूरे जोश के साथ जारी है। भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम भी इन ग्रामीणों के हौसले डिगा नहीं सका है। न्याय दो या मार दो के नारों से गूंजा आंदोलन स्थल जय किसान संगठन के बैनर तले हो रहे इस प्रदर्शन ने अब एक उग्र रूप ले लिया है। आंदोलनकारी आदिवासियों का कहना है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक वे यहाँ से पीछे नहीं हटेंगे।**

**आमरण अनशन और सत्याग्रह से बढ़ी प्रशासन की मुश्किलें**

आंदोलन को नई धार देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता श्अमित भटनागरश ने मोर्चा संभाल रखा है। आमरण अनशनरू अमित भटनागर के आमरण अनशन का आज तीसरा दिन है। मिट्टी सत्याग्रह संघर्ष को मजबूती देने के लिए ग्रामीणों ने मिट्टी सत्याग्रह शुरू किया है, जिसका आज दूसरा दिन है। जल सत्याग्रह आज से आंदोलनकारियों ने जल सत्याग्रह का भी आगाज कर दिया है, जिससे आंदोलन का दायरा और व्यापक हो गया है। दूषित पानी पीने को विवश आदिवासी महिलाएं, बच्चे एवं सभी प्रभावित ग्रामीण रू प्रशासन ने वहां पर जो पीने का पानी उपलब्ध था उसे बंद कर दिया अब जो प्रभावित आदिवासी महिलाएं, बच्चे, किसान वहां पर आंदोलन कर रहे हैं वह वहां का दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं जिससे उनकी तबीयत बिगड़ रही है।

**प्रशासन से तनातनी और भ्रष्टाचार के आरोप**

आंदोलन स्थल पर बिजावर के तहसीलदार अभिनय शर्मा, सटई के तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम और किशनगढ़ थाना प्रभारी कमलजीत सिंह मवई के पहुँचने पर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास कर रहा है। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता और उनकी आवाज को दबाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## घर-घर उगेगी सेहत, जेके सीमेंट ने कोनी और अमानगंज में लगाया एनीमिया जांच शिविर, दी पोषण किट



**अमानगंज।** ग्रामीण अंचलों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण स्तर को सुधारने की दिशा में जेके सीमेंट पन्ना ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत एक सराहनीय और अनूठी पहल की है। कंपनी द्वारा क्षेत्र के ग्राम कोनी और अमानगंज में विशेष श्एनीमिया जांच शिविरश एवं श्पोषण वाटिका बीज किट वितरणश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाना भी है।

**स्वास्थ्य जांच के साथ पोषण का संकल्प-**

इस विशेष अभियान का मुख्य ध्येय ग्रामीण महिलाओं में एनीमिया की समय पर पहचान करना और उन्हें घर पर ही जैविक व पौष्टिक सब्जियां उगाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से दो चरणों में कार्य किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में पहुंचीं सभी महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच कर एनीमिया के स्तर का पता लगाया गया। साथ ही, डॉक्टरों द्वारा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और जरूरी चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

**पोषण वाटिका किट का वितरण-**

महिलाओं को अपने घर की बाड़ी में श्पोषण वाटिका तैयार करने के लिए उन्नत किस्म के बीज किट वितरित किए गए। इसका उद्देश्य यह है कि ग्रामीण परिवार अपने घरों में ही कीटनाशक मुक्त और पोषक तत्वों से भरपूर ताजी सब्जियां उगा सकें।

**100 से अधिक महिलाओं को मिला सीधा लाभ-**

इस कल्याणकारी कार्यक्रम को लेकर दोनों ही ग्रामों की महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया। कोनी और अमानगंज को मिलाकर कुल 100 से अधिक महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने महिलाओं को खान-पान की आदतों में सुधार करने तथा अपनी दैनिक डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों को अनिवार्य रूप से शामिल करने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। स्वस्थ महिला, समृद्ध परिवार का संदेश जेके सीमेंट पन्ना के इस जमीनी और संवेदनशील प्रयास की स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने जमकर सराहना की है।

**ग्रामीणों का कहना है-**

ऐसे आयोजनों से न केवल साइलेंट किलर मानी जाने वाली एनीमिया जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर कुपोषण के खिलाफ चल रही लड़ाई को भी एक नई मजबूती मिलती है। जब घर की महिला स्वस्थ रहेगी, तभी परिवार समृद्ध होगा। जेके सीमेंट द्वारा आयोजित इस सफल शिविर ने उद्योग और समाज के बीच के जुड़ाव को एक नया आयाम दिया है।

## विद्यालय एवं सामुदायिक भवन परिसर में हुआ व्यापक पौधारोपण



**पन्ना।** दक्षिण पन्ना वनमंडल के शाहनगर वन परिक्षेत्र में वन महोत्सव वर्ष 2026 के अंतिम दिवस बीट ताला अंतर्गत माध्यमिक विद्यालय परिसर एवं नवनिर्मित सामुदायिक भवन परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य गुड्डी बाई, सरपंच भारत सिंह, वन समिति अध्यक्ष फूलरानी, शिक्षक बच्चू सिंह, शोभे सिंह, रमेश सिंह, टीकम लाल कोरी, अतिथि शिक्षक नंदकिशोर कबीरपंथी, बालक सिंह, राजकुमार लोधी, बीटगार्ड उदयभान सिंह, विद्यालय के छात्र छात्राओं, वन समिति के सदस्यों तथा ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर वनरक्षक उदयभान सिंह ने वन महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने में जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## लोकपाल सागर में मिला लापता का शव, भैंसें खोजने निकले थे बर्थडे यादव



**पन्ना।** नगर की रानीगंज मोहल्ला निवासी बर्थडे यादव 65 वर्ष अपनी पालतू भैंसों की तलाश में 7 जुलाई 2026 को सुबह लगभग 11:00 बजे घर से निकले थे। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को भी सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में हुई बारिश के कारण लोकपाल सागर के ऊपर स्थित नाले में तेज बहाव था। आशंका है कि भैंसों की तलाश के दौरान वे तेज पानी की चपेट में आकर लोकपाल सागर में बह गए। लापता होने के दूसरे दिन, 8 जुलाई को दोपहर लगभग 12:00 बजे पुलिस ने लोकपाल सागर से उनका शव बरामद कर लिया। शव मिलने की सूचना से परिजनों और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है तथा घटना के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल दें।

## पवई में विश्व हिन्दू परिषद-बजरंग दल का सेवा सप्ताह कार्यक्रम संपन्न, 21 पौधे लगाए गए



**पवई।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, प्रखंड पवई द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सेवा एवं संस्कार आधारित कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला कार्यकर्ता एवं पवई प्रखंड के सभी दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में 21 पौधों का वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता के प्रति जनजागरण तथा धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं के समर्पण, परिश्रम एवं सक्रिय सहयोग की सराहना करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

## 2.0 अभियान के अंतर्गत साइबर सुरक्षा मैराथन का आयोजन, 200 प्रतिभागियों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग



**पन्ना।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित राज्य स्तरीय साइबर सुरक्षा जन-जागरूकता अभियान ैंथ्म् बस्प्ब्ज्ञ-2026 2.0 के अंतर्गत अभियान के दिवस-14 साइबर सुरक्षा मैराथन/रन के अवसर पर दिनांक 07 जुलाई 2026 को पुलिस लाइन परिसर, पन्ना से भव्य साइबर सुरक्षा मैराथन (ब्लइमत त्नद) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को जन-जन तक पहुंचाना था। मैराथन को पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू (भा.पु.से.) द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक बनें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करें। मैराथन का निर्धारित मार्ग पुलिस लाइन परिसर बीटीआई चौराहा गुलायची मोहल्ला बस स्टैंड बेनीसागर चौराहा हॉस्पिटल चौक होते हुए पुनः पुलिस लाइन परिसर तक रहा। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा से संबंधित संदेशों एवं नारों के माध्यम से नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी अपडेट, ओटीपी एवं यूपीआई फ्रॉड, निवेश संबंधी धोखाधड़ी तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया। मार्ग में अनेक स्थानों पर नागरिकों ने मैराथन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अभियान की सराहना की। साइबर सुरक्षा रन में लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मैराथन में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी, युवा, विद्यार्थी तथा नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रतिभागियों ने सतर्क रहें, सुरक्षित रहें, सोच-समझकर करें ऑनलाइन लेन-देन, ओटीपी किसी से साझा न करेंष तथा षसाइबर अपराध की सूचना तुरंत 1930 पर दें जैसे जागरूकता संदेशों के माध्यम से लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा शपथ दिलाई गई। शपथ के माध्यम से सभी ने सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, किसी भी परिस्थिति में अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करने, संदिग्ध कॉल, लिंक एवं संदेशों से सावधान रहने तथा साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं ॰बलइमतबतपउम.हवअ.पद पर शिकायत दर्ज कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना चौहान, रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कँवर, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, यातायात प्रभारी नीलम लखचर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज निर्माण का संदेश दिया। पन्ना पुलिस द्वारा आयोजित इस साइबर सुरक्षा मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित डिजिटल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि षसाइबर सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। पन्ना पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी/यूपीआई फ्रॉड, निवेश संबंधी धोखाधड़ी अथवा अन्य साइबर अपराध से संबंधित घटना होने पर घबराएं नहीं, बल्कि तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें अथवा बेबसाईड पर शिकायत दर्ज करें। आपकी सतर्कता ही आपकी सबसे बड़ी सुरक्षा है।

## ग्लास ब्रिज बृहस्पति कुंड में नर्सिंग छात्र लापता प्रतिबंधित क्षेत्र में नहाते समय हुआ हादसा



**पन्ना।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बृहस्पति कुंड (ग्लास ब्रिज) में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। ग्लास ब्रिज देखने दोस्तों के साथ पहुंचे एक नर्सिंग छात्र के प्रतिबंधित क्षेत्र में नहाने के दौरान गहरे पानी में लापता होने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और छात्र की तलाश शुरू कर दी, लेकिन देर शाम तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। बृहस्पति कुंड (ग्लास ब्रिज) में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया। सतना में नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा 25 वर्षीय छात्र कुनाल ठाकुर अपने चार-पांच दोस्तों के साथ बृहस्पति कुंड घूमने आया था। बताया जा रहा है कि सभी युवक घूमते-घूमते प्रतिबंधित क्षेत्र तक पहुंच गए। इसी दौरान नहाते समय कुनाल का संतुलन बिगड़ गया और वह झरने के गहरे पानी में समा गया। घटना के बाद उसके साथियों ने शोर मचाया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। घटना की सूचना मिलते ही बृजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। चूंकि घटनास्थल बरौंधा थाना क्षेत्र में आता है, इसलिए संबंधित थाना पुलिस को भी तत्काल सूचना दी गई। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर छात्र की तलाश शुरू कराई गई। देर शाम तक लगातार सर्च ऑपरेशन चलता रहा, लेकिन छात्र का कोई पता नहीं चल सका। इस हादसे के बाद एक बार फिर बृहस्पति कुंड में पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से रोकने के लिए पर्याप्त निगरानी और सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं, जिसके कारण बार-बार इस तरह की घटनाएं सामने आती हैं। पुलिस ने पर्यटकों से अपील की है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें, चेतावनी बोर्डों का सम्मान करें और प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश करने या वहां नहाने का जोखिम बिल्कुल न उठाएं। फिलहाल पुलिस औरैक्त्थ् की टीम छात्र की तलाश में जुटी हुई है।

## कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान, नवनियुक्त पदाधिकारियों की पहली बैठक संपन्न



**पन्ना।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों की पहली बैठक बुधवार को स्थानीय शानवी लैंडमार्क के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव वीरेंद्र द्विवेदी, जिला प्रभारी राजभान सिंह तथा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ शुभारंभ बैठक का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, नगर अध्यक्षों एवं ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान भी किया गया। जिला प्रभारी राजभान सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने ही सभी को पहचान दी है, इसलिए संगठन सर्वोपरि है। कार्यकर्ताओं का सम्मान सुनिश्चित करना होगा और अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाने और जनता के मुद्दों पर संघर्ष करने का आह्वान किया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव वीरेंद्र द्विवेदी ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत जिला अध्यक्ष से लेकर बूथ स्तर तक समितियों का गठन किया गया है। गांव-गांव में पहुंचने पर जनता के बीच बदलाव की भावना स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठित होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान ने कहा कि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद से उनका प्रयास जिलेभर में संगठन को मजबूत करने का रहा है। उन्होंने कहा कि जिला, ब्लॉक, नगर, पंचायत और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता पूरी एकजुटता के साथ पार्टी को मजबूत करने में जुटे हैं। यदि सभी सकारात्मक ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तो आगामी चुनावों में कांग्रेस को निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव इंजीनियर जीवनलाल सिद्धार्थ,पन्ना विस प्रभारी पुष्पेंद्र यादव, पवई प्रभारी लोकेंद्र वर्मा, गुनौर प्रभारी अशोक मिश्रा, पूर्व विधायक गण श्रीकांत दुबे, महेंद्र बागरी, पूर्व अध्यक्ष भास्कर देव बुंदेला, शिवजीत सिंह, राजेश तिवारी, श्रीमती ममता शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह परमार, रविन्द्र प्रताप सिंह, मनीष मिश्रा,रामलाल आदिवासी सहित ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों ने संबोधित किया। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक तिवारी ने किया।

## अमानगंज पुलिस की बड़ी सफलताः दस लाख रुपये के गुम मोबाइल खोजकर फरियादियों को लौटाए, थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई, जनवरी से अब तक 76 मोबाइल बरामद

**अमानगंज।**



गुम हुए मोबाइलों की तलाश में अमानगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना पुलिस ने तकनीकी सहायता और सतत प्रयासों के माध्यम से करीब दस लाख रुपये मूल्य के मोबाइल फोन खोजकर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए। लंबे समय से अपने मोबाइलों के वापस मिलने की उम्मीद छोड़ चुके फरियादियों को जब पुलिस ने उनके फोन सौंपे तो उनके और परिजनों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।मोबाइल आज के समय में केवल बातचीत का साधन नहीं रह गए हैं, बल्कि इनमें लोगों के जरूरी दस्तावेज, बैंक संबंधी जानकारी, पारिवारिक तस्वीरें, संपर्क नंबर और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सुरक्षित रहती है। ऐसे में मोबाइल गुम होने पर लोगों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। अमानगंज पुलिस ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुम मोबाइलों की खोज के लिए लगातार कार्रवाई की।थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मोबाइलों की तकनीकी जानकारी जुटाई और विभिन्न स्थानों पर उनकी तलाश की। पुलिस की सक्रियता के चलते कई ऐसे मोबाइल भी बरामद किए गए, जिनके मिलने की उम्मीद फरियादियों ने लगभग छोड़ दी थी। बरामद मोबाइलों का सत्यापन करने के बाद उन्हें विधिवत उनके मालिकों को सौंपा गया।मोबाइल वापस मिलने पर फरियादियों ने अमानगंज पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की मेहनत और संवेदनशीलता के कारण उनकी महत्वपूर्ण वस्तु वापस मिल सकी। कई लोगों ने बताया कि मोबाइल में जरूरी दस्तावेज, फोटो और आवश्यक संपर्क नंबर मौजूद थे, जिनके वापस मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।थाना प्रभारी रवि सिंह जादौन ने बताया कि गुम मोबाइलों की शिकायत मिलने पर पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी माध्यमों से उनकी तलाश की जाती है। जनवरी माह से अब तक अमानगंज पुलिस कुल 76 गुम मोबाइलों को रिकवर कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप चुकी है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल थाने में सूचना दें, जिससे समय रहते उसकी तलाश शुरू की जा सके।इस सराहनीय कार्रवाई में आरक्षक अरुण तिवारी, विश्वास शुक्ला सहित थाना अमानगंज के पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। पुलिस टीम की इस उपलब्धि से क्षेत्र में आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है तथा लोगों ने अमानगंज पुलिस की तत्परता और कार्यप्रणाली की सराहना की ह


## टेढ़ा हार में जामुन खाने गए युवक पर आकाशीय बिजली गिरने से हुई दर्दनाक मौत; साथी सुरक्षित



**देवेन्द्रनगर।** देवेन्द्रनगर तहसील क्षेत्र में बुधवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ग्राम देवरी गढ़ी का निवासी था, जबकि घटना ग्राम टेढ़ा के हार (खेत क्षेत्र) में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रावेंद्र अहिरवार (35 वर्ष), पिता कल्ली अहिरवार, निवासी ग्राम देवरी गढ़ी अपने साथी राजेश अहिरवार के साथ बुधवार दोपहर करीब 3 बजे ग्राम टेढ़ा के हार में जामुन खाने गए थे। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रावेंद्र अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनके साथ मौजूद राजेश अहिरवार भी कुछ समय के लिए बेहोश हो गए। होश आने पर उन्होंने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। राजेश अहिरवार फिलहाल सुरक्षित बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना पुलिस एवं प्रशासन को दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक आवश्यक वैधानिक कार्रवाई जारी थी।

**खबर संक्षेप**

## सलैया में सूने मकान से चोरी, सोने-चांदी के जेवर और नकदी ले उड़े चोर



**ईशानगर।** ईशानगर थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, अवधेश शरण रावत पिता मोतीलाल रावत (64), निवासी ग्राम सलैया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 5 जुलाई को उनके माता-पिता इलाज के सिलसिले में घर में ताला लगाकर बाहर गए थे। 6 और 7 जुलाई की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। इसके बाद अलमारी के लॉक तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवर, करीब 40 हजार रुपये नकद सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। परिजनों को घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी के ताले भी टूटे हुए थे और उसमें रखा कीमती सामान गायब था। चोरी गए सामान में सोने की झुमकी, अंगूठियां, चांदी की पायल, बिछिया, हाफ पेटी, चांदी के बर्तन, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां सहित अन्य कीमती आभूषण शामिल हैं। थाना प्रभारी मनोज गोयल ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। घटना की जांच के लिए डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## थियेटर कार्यशाला में अब समापन प्रस्तुति की तैयारियां जोरों पर

**मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की 25 दिवसीय कार्यशाला में निखर रहा हुनर**

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश नाट्य



विद्यालय भोपाल और शंखनाद नाट्य मंच, छतरपुर के संयुक्त तत्वावधान में शहर के गांधी आश्रम में इन दिनों 25 दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।कार्यशाला में अभिनय के साथ साथ थियेटर से जुड़ी प्रमुख गतिविधियों से अभ्यर्थियों को परिचित कराया जा रहा है। नाट्य कार्यशाला के संयोजक वरिष्ठ रंगकर्मी शिवेन्द्र शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार से रोजमर्रा के अन्य अभ्यासों के साथ कहानी पर काम शुरू हो चुका है। अभ्यर्थियों को नाटक की कहानी के अनुरूप दृश्य संकल्पना करने का अभ्यास करता जा रहा है ताकि वे अपनी समझ को विकसित करके एक निर्देशक के नजरिए से भी नाटक की कहानी और उसकी प्रस्तुति के तरीके को समझ सकें। मंच सज्जा,रूप सज्जा, सेट डिजाइन, प्रॉपर्टी मेकिंग के साथ प्रकाश और संगीत परिकल्पना तथा उसके उपयोग के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। नौगांव से आने वाले अभ्यर्थी अभि तिवारी और आशीष पाल ने बताया कि उनके लिए यह एक अलग अनुभव है और वे पहली बार किसी ऐसी कार्यशाला में शामिल हो रहे हैं। मऊ सहानिया से आने वाले अभ्यर्थी अभिषेक गोस्वामी और छतरपुर की शिल्पा रैकवार ने बताया कि किसी कहानी को मंच पर कैसे तैयार किया जाता है जिससे दर्शक मनोयोग से प्रस्तुति का आनंद ले सकें,इन तमाम मुद्दों पर बारीकी से जानकारी कार्यशाला में दी जा रही है। मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव ने कार्यशाला समापन पर होने वाली प्रस्तुति के लिए अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नाट्य विद्यालय चाहता है कि प्रदेश के विभिन्न छोटे शहरों और कस्बों तक थियेटर पहुंचे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर ये कार्यशालाएं संचालित की जा रही हैं।

## सागर रोड पर सबसे लंबा जाम, करीब डेढ़ घंटे से थमा यातायात

### एंबुलेंस, स्कूली वाहन और अधिकारियों की गाड़ियां फंसीं



**छतरपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था बुधवार को पूरी तरह चरमरा गई, जब सागर रोड पर बगौता तिराहा से लेकर चौबे तिराहा तक लंबा जाम लग गया। करीब डेढ़ घंटे से अधिक समय तक लगे इस जाम के कारण हजारों वाहन चालक और राहगीर परेशान होते रहे। जाम की स्थिति घंटों तक बनी रही, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जाम में कई एंबुलेंस, स्कूली वाहन, निजी कारें, दोपहिया वाहन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की गाडिय़ां भी फंस गईं। सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों और उनके परिजनों को हुई, जिन्हें समय पर अस्पताल पहुंचना था। वहीं स्कूली बच्चों और अभिभावकों को भी लंबे समय तक जाम में इंतजार करना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कई लोगों को न्यायालय में पेशी के लिए पहुंचना था, लेकिन भीषण जाम के कारण वे समय पर कोर्ट नहीं पहुंच सके। लोगों का कहना था कि पेशी के लिए जाना जरूरी है, लेकिन जाम में फंसे होने के कारण समझ नहीं आ रहा कि समय पर कैसे पहुंचें।

इस घटना के बाद शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नागरिकों का कहना है कि प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था नहीं होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में यातायात नियंत्रण को मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की परेशानी से आमजन को राहत मिल सके।

## अस्पताल स्टाफ पर मृतक के पैसे और मोबाइल हड़पने का आरोप, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत



**छतरपुर।** जिला चिकित्सालय छतरपुर के स्टाफ पर एक मृतक के पास रखे नकदी और मोबाइल को गायब करने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिसे लेकर उत्तर प्रदेश के महोबा जिला अंतर्गत ग्राम कोटरा निवासी पीड़ित संदीप अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।

शिकायत के अनुसार, पीड़ित के पिता रामकुमार अहिरवार का 29 जून 2026 को अलीपुरा के पास नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट हो गया था, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ की लापरवाही और समय पर सूचना व इलाज न मिलने के कारण उनके पिता की जान चली गई। यही नहीं, उनके पिता के पास मौजूद 25,000 रुपये नकद और मोबाइल को अस्पताल व मर्चुरी स्टाफ ने कथित तौर पर छिपा लिया। बाद में मीडिया के सामने विरोध जताने पर स्टाफ ने मोबाइल और मात्र 1,500 रुपये ही वापस किए। पीड़ित ने अस्पताल के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने और शेष 23,500 रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

## गर्रोली के पास दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत, एक युवक गंभीर रूप से घायल



**छतरपुर।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चपरन निवासी दो युवक सड़क हादसे में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार राममिलन रैकवार (35) पिता राजाराम रैकवार अपने साथी भज्जू अहिरवार (36) पिता नदलाल अहिरवार के साथ मोटरसाइकिल से गर्रोली स्थित अपनी बेटी के घर गए थे। लौटने के दौरान गर्रोली के पास सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में राममिलन रैकवार गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि भज्जू अहिरवार को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने दोनों घायलों को तत्काल नौगांव अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने राममिलन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में राममिलन को इमरजेंसी में प्राथमिक उपचार देने के बाद ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। हादसे के संबंध में पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**पीड़ितों ने कलेक्टर, डीआईजी और एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

## पहले भाई का हक छीना अब अब दूसरे की जमीन पर भी किया अवैध कब्जा, बगौता का कथित भू-माफिया पुष्पेंद्र राजपूत पर लगे गंभीर आरोप



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के समीपी ग्राम बगौता में एक व्यक्ति की कथित तानाशाही, जालसाजी और जमीनों पर अवैध कब्जे के काले कारनामों ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा रखा है। दो अलग-अलग पीड़ितों ने इस पूरे विवाद के मुख्य कर्ताधर्ता पुष्पेंद्र राजपूत के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्टर पार्थ जैसवाल, डीआईजी विजय कुमार खत्री और एसपी रजत सकलेचा को शिकायती आवेदन सौंपे हैं। इन आवेदनों में पुष्पेंद्र राजपूत पर भू-माफिया की तरह दूसरों की कीमती जमीनों पर जबरन कब्जा करने, सगे भाई को धोखा देने और विरोध करने पर जान से मारने की प्रत्यक्ष धमकी देने के बेहद संगीन आरोप लगाए गए हैं।

पुष्पेंद्र राजपूत की दगाबाजी और क्रूरता का सबसे घिनौना चेहरा तब सामने आया जब उसका अपना सगा भाई राजेंद्र राजपूत अपने दो मासूम बच्चों की उंगली थामे अधिकारियों के पास रोते हुए न्याय मांगने पहुंचा। पीड़ित भाई राजेंद्र राजपूत ने आरोप लगाया कि उसके बड़े भाई पुष्पेंद्र राजपूत, भाभी वंदना राजपूत और भतीजे सचिन राजपूत ने मिलकर एक सोची-समझी साजिश रची। इन लोगों ने राजेंद्र की बुजुर्ग मां काशी बाई राजपूत को गुमराह कर अपने जाल में फंसा लिया और उन्हें राजेंद्र के खिलाफ बुरी तरह भड़का दिया। पुष्पेंद्र इतना शातिर है कि वह अपनी ही बुजुर्ग मां के माध्यम से राजेंद्र के खिलाफ झूठी शिकायतें करवा रहा है, ताकि उस पर दबाव बनाया जा सके। राजेंद्र ने बताया कि पुष्पेंद्र और उसके बेटे सचिन ने मिलकर पिता की पूरी संपत्ति पर अकेले डाका डाल दिया है। पूरी पुश्तैनी जमीन के साथ-साथ घर के कीमती जेवरातों पर भी पुष्पेंद्र ने अकेले अवैध कब्जा कर रखा है और अपने छोटे भाई व मासूम बच्चों को उनके जायज हक से पूरी तरह वंचित कर दर-दर भटकने छोड़ दिया है।

### 5500 वर्ग फीट जमीन पर जमाया अवैध कब्जा

पुष्पेंद्र राजपूत के जुल्म की कहानी यहीं खत्म नहीं होती, अपनों को ठगने के बाद उसने बाहरी लोगों की संपत्तियों पर भी नजरें गड़ा दी हैं। छतरपुर के वार्ड नंबर 21 निवासी पंकज रैकवार ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में पुष्पेंद्र राजपूत और उसके बेटे सचिन राजपूत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पंकज ने बताया कि उन्होंने ग्राम बगौता में विनोद कुमार गुप्ता और यशवर्धन गुप्ता से करीब 5500 वर्ग फीट जमीन खरीदी थी, जिस पर उनकी बाउंड्रीवॉल और मकान भी बना हुआ है लेकिन, पुष्पेंद्र राजपूत और उसके बेटे सचिन ने जमीन हथियाने की नीयत से पंकज की अनुपस्थिति का फायदा उठाया और उस कीमती जमीन पर जबरन अवैध कब्जा कर लिया। जब पीड़ित पंकज ने इस गुंडागर्दी का विरोध किया, तो मुख्य आरोपी पुष्पेंद्र और उसके बेटे ने सरेआम गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने व झूठे कानूनी मुकदमों में फंसाकर जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दी। बहरहाल ग्राम बगौता और आसपास के क्षेत्रों में पुष्पेंद्र राजपूत और उसके परिवार के इस कथित तानाशाही रवैये को लेकर आम जनता में भारी आक्रोश पनप रहा है। चर्चा है कि पुष्पेंद्र बड़े पैमाने पर जमीन घोटालों में लिप्त है और अपने रसूख के बल पर पीड़ितों की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहा है। पीड़ितों ने जिले के आला अधिकारियों से मांग की है कि इस कथित भू-माफिया पुष्पेंद्र राजपूत और उसके सहयोगी बेटे के खिलाफ तत्काल सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, अवैध कब्जा हटाया जाए और पीड़ित भाई व मासूम बच्चों को उनका पुश्तैनी हक वापस दिलाया जाए।

## पत्नी ने प्रेमी और साथी के साथ रची पति की हत्या की साजिश किशनगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना किशनगढ़ पुलिस ने अमानगंज रोड स्थित जंगल में मिले युवक के शव के मामले का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी ने अपने साथी और एक अन्य सहयोगी के साथ मिलकर सुनियोजित तरीके से हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।



पुलिस के अनुसार 1 जुलाई को ग्राम नारायणपुरा, थाना पवई, जिला पन्ना निवासी संजय मिश्रा की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद थाना किशनगढ़ पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। लगातार सर्च अभियान के दौरान अमानगंज रोड पर निर्माणाधीन पुल के पास जंगल में एक शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान संजय मिश्रा के रूप में हुई। घटनास्थल के पास से मृतक की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

घटनास्थल से मिले भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा परिजनों की शिकायत के आधार पर थाना किशनगढ़ में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की, जिसमें मृतक की पत्नी की संलिप्तता सामने आई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी अनीता निवासी ग्राम नारायणपुरा, थाना पवई, जिला पन्ना, विनोद यादव निवासी ग्राम नगदा, थाना किशनगढ़ तथा सतीश यादव निवासी ग्राम नगदा, थाना किशनगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन एवं अन्य सामग्री भी बरामद की गई है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले एवं एसडीओपी बिजावर अजय रिठौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक कमलजीत सिंह, उप निरीक्षक अंजना त्रिवेदी, चौकी प्रभारी कूपी सउनि जगदीश शिवहरे, सउनि सुरेश नामदेव सहित थाना किशनगढ़ पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## हनुमान जी के वेश में भाजपा का झंडा थमाने पर विवाद, शिवसेना ने एसपी से की शिकायत



**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के रोड शो के दौरान सनातन धर्म की भावनाओं को आहत करने का मामला सामने आया है। इसे लेकर शिवसेना की युवा सेना नगर इकाई द्वारा पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नितिन नबीन के उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान आयोजित एक रोड शो में भाजपा द्वारा हिंदू धर्म के आराध्य भगवान बालाजी महाराज का कॉस्ट्यूम पहने एक व्यक्ति के हाथ में पार्टी का झंडा थमाकर उन्हें सड़क पर नचाया गया। शिवसेना नेताओं ने इसे प्रभु हनुमान जी और सनातन धर्म का घोर अपमान बताते हुए इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने एसपी से मांग की है कि इस मामले की वैधानिक न्यायिक जांच कराकर प्राथमिकी दर्ज की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी राजनीतिक दल देवी-देवताओं का इस तरह अपमान न कर सके।

## बड़ामलहरा पुलिस पर नाबालिगों को अवैध हिरासत में रख प्रताड़ित करने का आरोप

### पीड़ित पिता ने एसपी से लगाई गुहार



**छतरपुर। लक्ष्मण कॉलोनी निवासी संतोष साहू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर बड़ामलहरा थाना पुलिस के खिलाफ अपने दो नाबालिग बच्चों को अवैध हिरासत में रखने, मारपीट करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की गंभीर शिकायत दर्ज कराई है।**

पीड़ित पिता द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, एक गुमशुदगी के मामले में पूछताछ के नाम पर बड़ामलहरा पुलिस कर्मियों ने उसके 15 वर्षीय बेटे और 17 वर्षीय बेटी को कई बार थाने और अन्य स्थानों पर बुलाया। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने किशोर न्याय अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करते हुए बच्चों को घंटों अवैध हिरासत में रखा, उनके मोबाइल फोन अवैध रूप से जब्त कर लिए और जेल भेजने व झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर उनके साथ मारपीट की। इस अमानवीय कृत्य से बच्चे अत्यंत भयभीत और मानसिक तनाव में हैं। पीड़ित पिता ने एसपी से मांग की है कि मामले की जांच किसी वरिष्ठ महिला या आईपीएस अधिकारी से कराई जाए, थानों व यातायात कार्यालय की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए।



## दो बैलों की लड़ाई बनी हादसे की वजह, बाइक सवार घायल

**छतरपुर।** शहर के देरी रोड निवासी श्यामलाल कोंदर (39) पिता हरिश्चंद्र बीती शाम सड़क हादसे में घायल हो गए। जानकारी के अनुसार शाम करीब 5:30 बजे वह बाइक से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विराज गार्डन के पास सड़क पर दो बैल आपस में लड़ रहे थे। अचानक दोनों बैल बाइक के सामने आ जाने से श्यामलाल का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में श्यामलाल के पैरों में चोट आई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उनकी मदद की। परिचित कल्लू यादव उन्हें ई-रिक्शा से तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार किया गया। घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने सड़क पर आवारा मवेशियों की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए प्रशासन से उचित व्यवस्था करने की मांग की।

## जमीन विवाद को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित

### बड़े भाई और थाना पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



**छतरपुर।** बिजावर तहसील के पिपट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जसगुवा खुर्द निवासी पीड़ित परिवारों ने पारिवारिक जमीन विवाद को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई है। गिरजा बाई, मुल्ला बाई और कैलाश सिंह राजपूत द्वारा सौंपे गए शिकायती पत्र के अनुसार, उनके नाम दर्ज कृषि भूमि को उनका बड़ा भाई हरी सिंह राजपूत जबरन हड़पना चाहता है। आरोपी उन्हें अपने हिस्से की जमीन जोतने-बोने नहीं दे रहा है और ट्रैक्टर-ट्रॉली पर भी अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देता है. पीड़ितों का आरोप है कि जब वे इस मामले की शिकायत करने पिपट थाने गए, तो पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की और उन्हें प्रताड़ित कर भगा दिया। पुलिस की इस कथित निष्क्रियता और बड़े भाई की प्रताडना से तंग आकर पीड़ितों ने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## भाजपा मंडल चंदला की मासिक बैठक संपन्न, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की बनी रणनीति

**छतरपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल चंदला की मासिक बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के निर्देशन में मंडल प्रभारी लालचंद्र लालवानी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक नेताओं में से एक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।



बैठक में संगठन द्वारा आगामी माह में संचालित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम तथा डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को इन अभियानों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में शक्ति केंद्र प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों एवं सभी कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री के आगामी मन की बात कार्यक्रम को शत-प्रतिशत बूथों पर सामूहिक रूप से सुनने तथा उसकी जानकारी संगठन ऐप पर अपलोड करने का आग्रह किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हर प्रसाद पटेल, विनय जैन, जिला सोशल मीडिया संयोजक आशीष तिवारी, मंडल महामंत्री संतराम केवट, अरविंद लखेर, रामप्रताप पटेल, धर्मेंद्र सिंह, राकेश निगम, रामदास पाल, पार्षद बाबूलाल राजपूत, अखिलेश्वर तिवारी, अरविंद वर्मा, उदय त्रिपाठी, शंकर दुबे, बबलू सिंह, उत्तम सिंह, राम सखी अहिरवार, अमर सिंह राय, राजा बाबू पटेल, विक्रम पटेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हाईवे पर बिखरी नशीली कफ सिरप की शीशियां, लूटने उमड़ी भीड़

**तस्कर बाइक छोड़कर फरारमंनगवा थाना क्षेत्र के अगडाल के पास हादसे के बाद सामने आया मामला**

**रीवा।** जिले में नशीले कफ सिरप के अवैध कारोबार पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। बुधवार दोपहर रीवा-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंनगवां थाना क्षेत्र के अगडाल गांव के समीप उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब सड़क दुर्घटना के बाद बड़ी संख्या में नशीले कफ सिरप की शीशियां हाईवे पर बिखर गईं। घटना के बाद वहां से गुजर रहे वाहन चालकों और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। कई लोग सड़क पर बिखरी शीशियां समेटकर अपने साथ ले जाते दिखाई दिए, जबकि कफ सिरप लेकर जा रहे युवक मौके से फरार हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार युवक संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ी मात्रा में नशीले कफ सिरप की खेप लेकर जा रहे थे। अगडाल के पास पहुंचते ही एक बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे के कारण बाइक पर रखा पूरा माल सड़क पर बिखर गया और कफ सिरप की सैकड़ों शीशियां हाईवे पर फैल गईं। घटना के तुरंत बाद बाइक सवार युवक बिखरी हुई शीशियों को समेटने का प्रयास करने लगे, लेकिन इसी दौरान हाईवे से गुजर रहे वाहन चालक और स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ लग गई और कई लोग सड़क पर पड़ी शीशियां उठाकर अपने साथ ले जाते नजर आए। कुछ लोगों ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी तत्काल मंनगवां पुलिस को भी दी। भीड़ बढ़ती देख और पुलिस के पहुंचने की आशंका के चलते बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। उनके जाने के बाद भी कुछ देर तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। राहगीरों को यातायात प्रभावित होने के कारण भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर फरार युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### महिला श्रृंगार और पहनावा सामाग्री पुरुषों को देकर उन्हें अपमानित करना उचित नहीं: नारी चेतना मंच चूड़ी ,


**बिंदी और साड़ी को कायरता का प्रतीक दिखाना बहुत शर्मनाक और आपत्तिजनक**

**रीवा ।** नगर पालिक निगम रीवा पार्षद बैठक में गत दिवस भाजपा महिला पार्षदों के द्वारा नगरीय प्रशासन की कार्य प्रणाली के विरोध में निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों को चूड़ियां बिंदी देने का जो अभद्र तरीका अपनाया उस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नारी चेतना मंच एवं समता सम्पर्क अभियान ने इसे शर्मनाक और आपत्तिजनक बताया है। महिलाओं की श्रृंगार सामग्री और पहनावे को कायरता का प्रतीक मानकर उन्हें पुरुषों को देना बहुत हास्यास्पद और शर्मनाक बात है। वर्तमान दौर में केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार है। 15 महीने का समय छोड़ दें तो प्रदेश में 2003 से भाजपा शासन है। लंबे समय तक नगर पालिक निगम रीवा पर भी इनका कब्जा रहा है। रीवा में विकास के नाम पर लूट कभी बंद नहीं हुई। चूड़ी बिंदी का यह विरोध प्रदर्शन पहली बार नही हुआ है। प्रदेश में जब कांग्रेस की कमलनाथ सरकार थी तब 16 अक्टूबर 2019 को रीवा में भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं के द्वारा चुनाव चिन्ह कमल के साथ नगर निगम आयुक्त सभाजीत यादव को उनके कक्ष के अंदर जाकर साड़ी चूड़ियां देने और चूड़ियां फोड़ने का उपद्रव किया गया था। उसे समय भी ऐसी घटना पर नारी चेतना मंच ने नाराजगी जताई थी। चूड़ियां भारतीय महिलाओं का श्रृंगार और आभूषण है जिसे किसी भी पुरुष को देकर उसे अपमानित करने की सोच बहुत शर्मनाक है। भारतीय परम्परा में वैसे भी चूड़ियां फोड़ना अच्छी बात नहीं मानी गई है। सभाजीत यादव को तो महिलाओं का पहनावा और पूरी श्रृंगार सामग्री जबरिया भेंट की गई थी। उस दौरान चूड़ियां भी फोड़ी गई थीं।चूड़ियां बिंदी आदि देकर भाजपा महिलाएं आखिरकार क्या संदेश देना चाहती हैं। नारी चेतना मंच ने कहा कि महिलाओं की कोई भी श्रृंगार और पहनावा कायरता का प्रतीक नहीं है।

# जाति प्रमाण पत्र के अभाव में जांच एवं विवेचना में देरी न हो

**कमिश्नर ने संभाग स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की बैठक ली**

रीवा ।



अत्याचार से पीड़ित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को शासन के निर्देश अनुसार राहत राशि देने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। यदि राशि का आवंटन नहीं है तो प्राथमिकता से शासन स्तर से राशि आवंटित कराकर पीड़ित व्यक्तियों को राहत राशि देना सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देश रीवा संभाग कमिश्नर शीलेंद्र सिंह ने अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण नियम 1995 के अंतर्गत गठित संभाग स्तरीय सतर्कता सलाहकार एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत रीवा कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस, मैहर कलेक्टर श्रीमती विदिशा मुखर्जी मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन, सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा, सिंगरौली कलेक्टर गौरव बैनल, रीवा के पुलिस अधीक्षक गुरकरन सिंह एवं संभाग के अन्य जिलों के पुलिस अधीक्षकगण तथा सभी जिला अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे सभी थाना प्रभारियों के लिए निर्देश जारी करें कि एसडीएम से जाति प्रमाण पत्र सत्यापित कराकर जाति प्रमाण पत्र के अभाव में किसी भी प्रकार की जांच या विवेचना लंबित न रहे और न ही विवेचना में किसी भी प्रकार की देरी हो। कमिश्नर ने अभियोजन स्वीकृति एवं न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति की समीक्षा की, उन्होंने अपराधिक व्यक्तियों को मिलने वाली कम सजा पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए की सभी प्रकरणों में बारीकी से जांच पड़ताल कर दोषी व्यक्तियों के विरुध ठोस प्रकरण बनाए जाएं। कमिश्नर ने सभी प्रकरणों में तामीली की गति बढ़ाने के निर्देश दिए और कहां की तामीली शत प्रतिशत की जाए। साथ ही न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने में शीघ्रता की जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी प्रकरण गुणवत्ता पूर्ण बनाए जाएं, समय पर पीड़ित व्यक्ति एवं गवाह को राहत राशि मिल जाए। उन्होंने सभी जिला अभियोजन अधिकारियों से कहा कि वह अतिरिक्त मेहनत करके दोषी व्यक्तियों को सजा दिलाने एवं पीड़ित व्यक्तियों को राहत देना सुनिश्चित करें, कमिश्नर ने कहा कि सभी जिला अभियोजन अधिकारी अपने काम में कसावट लाएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के लिए शासन के निर्देशानुसार अन्य जिलों को प्रेषित प्रकरण के भुगतान आदेश की प्रति अन्य जिलों से प्राप्त होती है भुगतान की जानकारी नियमित रूप से प्रेषित की जाए। कमिश्नर ने अत्याचार से पीड़ित एवं आश्रित व्यक्तियों को दिए जाने वाले यात्रा भत्ता, भरण पोषण, आहार एवं पीड़ितों को रोजगार प्रदान करने आदि के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि जिन थाना क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के विरुद्ध अत्याचार से संबंधित अधिक संख्या में प्रकरण दर्ज होते हैं उन थाना क्षेत्र के लोगों में आपस में सद्भावना उत्पन्न करने के लिए विभिन्न प्रकार के सद्भावना के कार्यक्रम आयोजन किए जाएं। साथ ही प्रकरणों में सजा का प्रतिशत बढ़ाने हेतु एवं पीड़ितों तथा गवाहों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने के लिए जिला अभियोजन अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी परस्पर समन्वय स्थापित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की रीवा संभाग के सभी जिलों में जिला स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक नियमित अंतराल पर आयोजित की जाए। कमिश्नर ने अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत जिलेवार राहत राशि भुगतान की स्थिति की समीक्षा की तथा 1 जनवरी 2026 की स्थिति में प्रकरणों में चालान प्रस्तुति की स्थिति तथा विवेचना में लंबित प्रकरणो की स्थिति की तथा अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत पुलिस थानों में दर्ज एवं पंजीकृत प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत विवेचना में 60 दिन से अधिक अवधि के कोई भी प्रकरण लंबित न रखे जाएं सभी प्रकरणो में विवेचना कर चालान प्रस्तुत कर तामिली कराई जाए।

## संपत्ति विवाद में देवर ने घोंट दिया भाभी का गला, आरोपी गिरफ्तार



**रीवा।** जिले में संपत्ति विवाद ने एक परिवार को उजाड़ दिया। जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद ने ऐसा हिंसक रूप लिया कि एक युवक ने अपनी ही भाभी की गला दबाकर हत्या कर दी। शुरुआत में मामला संदिग्ध मौत का प्रतीत हो रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की गहन पूछताछ ने पूरे घटनाक्रम से पर्दा हटा दिया। पुलिस ने आरोपी देवर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, बीते 1 जुलाई को ग्राम देवास निवासी सविता पटेल की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए संदेह की सुई उसके देवर रमाकांत पटेल की ओर घुमाई थी। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की विस्तृत विवेचना शुरू की। जांच अधिकारी उप निरीक्षक प्रशांत शुक्ला ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि महिला की मृत्यु प्राकृतिक नहीं बल्कि गला दबाने से हुई है। रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर मृतका के देवर रमाकांत पटेल को पूछताछ के लिए चौकी बुलाया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी लगातार बयान बदलता रहा, लेकिन जब उससे सख्ती और वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो वह टूट गया और उसने अपनी भाभी की हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि परिवार में लंबे समय से संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। घटना वाले दिन भी विवाद बढ़ गया, जिसके बाद उसने गुस्से में आकर भाभी का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## नगर निगम की परिषद बैठक में भाजपा पार्षदों का हंगामा, कमिश्नर और अधिकारियों को भेंट की चूड़ियां, बारिश में जलभराव और सीवर कार्यों की बदहाली पर फूटा गुस्सा



**रीवा।** नगर निगम की परिषद बैठक मंगलवार को उस समय हंगामेदार हो गई, जब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने ही नगर निगम प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जलभराव, अधूरे सीवर कार्यों और बारिश से पहले किए गए दावों के धराशायी होने पर नाराज भाजपा पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त सहित अधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से चूड़ियां भेंट कर अपना विरोध दर्ज कराया। बता दे बैठक के दौरान भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन ने मानसून से पहले शहर को जलभराव से मुक्त करने तथा सीवर परियोजना के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन पहली ही तेज बारिश में सभी दावे हवा हो गए। शहर के अनेक वार्डों में सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं, नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। परिषद की बैठक में पार्षदों का आक्रोश इतना बढ़ गया कि उन्होंने अधिकारियों को चूड़ियां भेंट कर यह संदेश देने का प्रयास किया कि यदि प्रशासन जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता तो उसे अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। बैठक के दौरान कुछ देर तक तीखी नोकझोंक और हंगामे का माहौल बना रहा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विपक्षी दल कांग्रेस की बजाय भाजपा के ही पार्षद नगर निगम प्रशासन के खिलाफ सबसे मुखर दिखाई दिए। पार्षदों ने कहा कि शहर की जनता लगातार जलभराव, टूटी सड़कों और सीवर लाइन के अधूरे कार्यों से परेशान है, लेकिन अधिकारियों की ओर से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। जमीनी स्तर पर हालात में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा।बैठक में परिषद अध्यक्ष वेंकटेश पांडे ने भी वार्डों की वास्तविक स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच जवाब देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शहर की बदहाल व्यवस्था के कारण वार्डों के लोग पार्षदों और जनप्रतिनिधियों को ही खरी-खोटी सुना रहे हैं। जनता का गुस्सा सीधे निर्वाचित प्रतिनिधियों पर उतर रहा है, जबकि समस्याओं के समाधान की जिम्मेदारी प्रशासन की भी है। पार्षदों ने यह भी याद दिलाया कि लगभग पंद्रह दिन पहले नगर निगम आयुक्त ने बैठक में भरोसा दिलाया था कि मानसून शुरू होने से पहले जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी और जिन स्थानों पर सीवर लाइन डालने के लिए सड़कें खोदी गई हैं, उन्हें समय पर ठीक करा दिया जाएगा। लेकिन हाल की बारिश ने इन सभी दावों की पोल खोल दी। शहर के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति बनी रही, जबकि सीवर कार्य के बाद छोड़ी गई सड़कों के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पार्षदों का कहना था कि सीवर परियोजना के तहत कई स्थानों पर सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं। समय पर मरम्मत नहीं होने से राहगीर और वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और अधिक खतरनाक हो गई है। कई वार्डों में जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे लोगों के घरों और दुकानों तक पानी पहुंच रहा है।बैठक में पार्षदों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की कि जलभराव वाले सभी क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए, सीवर परियोजना के अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए तथा क्षतिग्रस्त सड़कों का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए।

## लायंस क्लब रीवा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न: अतुल जैन को अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष के पीस पोस्टर प्लेक से सम्मानित किया




**रीवा।** लायन इंटरनेशनल डि. 3233-सी के लायंस क्लब रीवा का वर्ष 2026/27 के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय होटल सेलिब्रेशन रीवा में मध्य प्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला की उपस्थिति में गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। शपथ अधिकारी एमजेएफ लायन पवन मलिक जी ने नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई एवं नए अध्यक्ष लायन राजेश गुप्ता जी के कुशल नेतृत्व में सेवा भावना के तहत कार्य करने हेतु मार्गदर्शन दिया कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लायन राजेंद्र तिवारी एवं पूर्व डि. गवर्नर लायन बसंत मिश्रा जी पूर्व जिला गवर्नर लायन सज्जी जॉन ने भी अपने विचारों को व्यक्त किया। निवर्तमान अध्यक्ष लायन गुलशन चड्ढा ने वर्ष भर जिन लायन साथियों ने उत्साह एवं लगन के साथ कार्य किया उन्हें उपहार देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में जोन चेयर प. लायन सूर्य प्रकाश अग्निहोत्री रीजन चे. प.लायन मनोग्या सिंह वीरेंद्र आर्य एवं लायन वीरेंद्र वर्मा उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रकाशित रोस्टर का विमोचन भी हुआ कार्यक्रम का संचालन एमजेएफ लायन अतुल जैन एवं क्लब सचिव लायन डॉ आरती गुप्ता के द्वारा किया गया । अन्य क्लबों के पदाधिकारि सदस्य एवं नेत्र चिकित्सलाय के चेयर मैन ला डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे । वरिष्ठ लायन मंगल प्रसाद गुप्ता, ला बी के थापर ला आर के सिंह,ला डी पी सिंह, ला महेंद्र सर्राफ,ला संजय गुप्ता,ला डॉ अनिल श्रीवास्तव आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही अंत में आभार डॉ अभय मिश्रा द्वारा व्यक्त किया गया। एमजेएफ लायन अतुल जैन ग्लोबल मेंबरशिप कोऑर्डिनेटर डि. 3233-C ने प्रांत में सत्र 2025-26 में 1150 से भी अधिक नए सदस्यता वृद्धि कर एक इतिहास रच कर कीर्तिमान बनाया है जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष लायन ए.पी. सिंह ने पीस पोस्टर प्लेक देकर सम्मानित किया। नवीन कार्यकारणी में अध्यक्ष लायन राजेश गुप्ता जी, उपाध्यक्ष प्रथम लायन रश्मि गुप्ता, उपाध्यक्ष द्वितीय लायन विभू सूरी, उपाध्यक्ष तृतीय लायन सुनील सिंह जी, सचिव लायन डॉ. आरती गुप्ता, सहसचिव लायन वालेंतीना जैन, कोषाध्यक्ष लायन ओम प्रकाश गौतम, अध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष लायन डॉ अभय मिश्रा, पीआरओ लायन डॉ एच.के. पांडे, ट्रेमर लायन डॉ ईशान गोयल, टेल ट्विस्टर लायन सुधाकर तिवारी जी मनोनीत हुए ।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सीखे आजीविका विकास के सफल मॉडल



**रीवा।** संस्था ग्राम सुधार समिति, द्वारा उद्योगनि संस्थान के सहयोग से संचालित परियोजनाओं एवं सामुदायिक आजीविका विकास कार्यक्रमों के अध्ययन के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, कांकेर (छत्तीसगढ़) में किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के सतना, रीवा और सीधी जिलों के सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा किसान उत्पादक कंपनी (एफपीओ/एफपीसी) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों का अवलोकन किया। उन्हें बताया गया कि स्थानीय संसाधनों पर आधारित उत्पाद तैयार कर किसान उत्पादक कंपनी के माध्यम से बाजार से जोड़कर महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका के अवसर कैसे विकसित किए जा रहे हैं।कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक, विभिन्न प्रजातियों, स्पॉन (बीज) निर्माण, गुणवत्ता प्रबंधन तथा बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी।प्रतिभागियों ने मौसमी फलों के पल्प निर्माण केंद्र, मशरूम स्पॉन उत्पादन इकाई तथा लाख उत्पादन एवं प्रसंस्करण इकाई का भी अध्ययन किया। इस दौरान उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता नियंत्रण, वित्तीय प्रबंधन और विपणन व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की।भ्रमण में यह भी सामने आया कि ग्रामीण क्षेत्रों की अनुपयोगी शासकीय इमारतों को उत्पादन इकाइयों के रूप में विकसित कर तथा सौर ऊर्जा का उपयोग कर संचालन लागत कम की जा रही है। महिला समूहों को तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय प्रबंधन, प्रसंस्करण और विपणन में निरंतर सहयोग देकर आत्मनिर्भर उद्यमी बनाया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान उद्योगनि संस्थान की ओर से कृष्णा जी एवं उनकी टीम मौजूद रही। वहीं ग्राम सुधार समिति, सतना से वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. जे.आर. नारायण के नेतृत्व में सीधी, सतना और रीवा के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने इस अध्ययन भ्रमण को ग्रामीण आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तिकरण, मूल्य संवर्धन, उद्यमिता विकास और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत बनाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

## गोविंदगढ़ में हाथियों का आतंक: तीन दिन से गांव में डेरा, घरों को किया तहस-नहस ग्रामीणों में दहशत टीकर पंचायत के वनगांव धुअर टोला में दो हाथियों का उत्पात

रीवा।



जिले के गोविंदगढ़ वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टीकर के वनगांव धुअर टोला में पिछले तीन दिनों से दो जंगली हाथियों की मौजूदगी ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। लगातार गांव के आसपास विचरण कर रहे हाथियों ने कई मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण है। ग्रामीण रातभर जागकर अपने परिवार और मवेशियों की सुरक्षा करने को मजबूर हैं, वहीं वन विभाग की टीम हाथियों पर निगरानी बनाए हुए है, लेकिन लगातार हो रही बारिश के कारण उन्हें जंगल की ओर खदेड़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, हाथियों का यह जोड़ा वनगांव धुअर टोला पहुंचा और स्थानीय निवासी शिवेंद्र सिंह के कच्चे एवं पक्के दोनों मकानों में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने पहले पक्के मकान का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया और घर के भीतर रखे अनाज व अन्य खाद्य सामग्री को खा लिया। इसके बाद पास स्थित कच्चे मकान को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। यही नहीं, एक अन्य मकान की खपरैल तोड़कर उसमें रखा घरेलू सामान भी बाहर निकालकर नष्ट कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी लगातार गांव के आसपास घूम रहे हैं, जिससे खेतों में काम करने जाने वाले किसानों, महिलाओं और बच्चों में दहशत का माहौल है। लोग अंधेरा होने के बाद घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं। कई परिवार पूरी रात जागकर हाथियों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई थी। सूचना मिलने के बाद वन अमला मौके पर पहुंचा और लगातार हाथियों की निगरानी कर रहा है। विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतर्क रहने, हाथियों के पास न जाने और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने की सलाह दी गई है। वन विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती लगातार हो रही बारिश बनी हुई है। बारिश के कारण जंगलों में रास्ते फिसलन भरे हो गए हैं, जिससे हाथियों को सुरक्षित तरीके से वापस वन क्षेत्र की ओर मोड़ने की कार्रवाई प्रभावित हो रही है। विभागीय अधिकारी हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए हैं और उन्हें आबादी से दूर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं।बताया जा रहा है कि यह वही हाथियों का जोड़ा है, जो लगभग दो महीने पहले बांधवगढ़ के जंगलों से भटककर बाहर निकल आया था। इसके बाद यह जोड़ा रीवा, मऊगंज और सीधी जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विचरण करता रहा है। जहां-जहां हाथियों का मूवमेंट हुआ, वहां फसलों और मकानों को नुकसान पहुंचने की घटनाएं सामने आई हैं। वन विभाग लगातार इनकी निगरानी कर रहा है, लेकिन लंबी दूरी तक विचरण और प्रतिकूल मौसम के कारण इन्हें स्थायी रूप से जंगल में वापस पहुंचाना चुनौती बना हुआ है।

## प्रभारी SADO कृषि विभाग की कार्य प्रणाली पर किसानों, जनप्रतिनिधि और कांग्रेस ने उठाए सवाल



**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी कृषि विभाग मे खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर बीज एवं कृषि संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराने की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कृषि विस्तार विकास कार्यालय नईगढ़ी में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी (AEO) एवं प्रभारी SADO (उप संभागीय कृषि अधिकारी) पर किसानों, जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दल के पदाधिकारियों ने लापरवाही के आरोप लगाए हैं।किसानों का आरोप है कि कृषि विस्तार अधिकारी को कोरिगवां एवं सेनुआ क्षेत्र में बीज वितरण और किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन वे नियमित रूप से अपने कार्यक्षेत्र में नहीं जाती हैं। किसानों का कहना है कि कई बार फोन लगाने के बावजूद उनका मोबाइल रिसीव नहीं होता। यदि कभी संपर्क हो भी जाता है तो ₹कल मिलेंगे₹ या ₹परसों मिलेंगे₹ कहकर बात टाल दी जाती है, जिससे बुवाई के महत्वपूर्ण समय में किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में जाकर बीज वितरण करने के बजाय नईगढ़ी नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 15 स्थित अपने स्टोर से बीज वितरित किया जा रहा है। इससे दूर-दराज़ के किसानों को समय पर बीज उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।किसानों का यह भी आरोप है कि संबंधित अधिकारी कार्यालय में भी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहतीं। आम लोगों को यह जानकारी नहीं रहती कि अधिकारी कब कार्यालय आती हैं और कब चली जाती हैं, जिससे विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं।जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजेश साकेत ने आरोप लगाया कि प्रभारी SADO अपने कार्यक्षेत्र में नहीं जाती हैं और किसानों तथा आम लोगों के फोन भी रिसीव नहीं करती हैं। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वहीं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश पटेल ने भी आरोप लगाया कि सुशीला साकेत कभी भी अपने क्षेत्र में नहीं जाती हैं और किसानों के फोन तक नहीं उठाती हैं। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब एक अधिकारी अपने मूल दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन नहीं कर रही हैं, तब उन्हें प्रभारी SADO का दायित्व किस आधार पर सौंपा गया? उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की।किसानों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन तथा कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि बीज वितरण व्यवस्था की जांच कराई जाए, अधिकारियों की नियमित क्षेत्रीय उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और किसानों की समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाए।

## जिले के छात्रावासों में भारी फर्जीवाड़ा



**मऊगंज।** जिले मे अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति के दर्जनभर छात्रावास संचालित है जिसमे सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति के उत्थान के लिए कई योजनाए संचालित की जा रही है किन्तु प्रशासन की अनदेखी के कारण सिर्फ कोरम पूर्ति की जा रही है इसी क्रम मे छात्रावासो मे आने वाली मोटी रकम का बंदरबांट आसानी से किया जा रहा है छात्रावासो मे अव्यवस्था का अंबार लगे है जिसमे अधीक्षको के द्वारा छात्रावास मे रात्रिकालीन विश्राम नही करते रात्रि मे सिर्फ चौकीदार ही रहता है छात्रावास मे स्वच्छता का कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे परिसर मे घास-फूस उग आये है छात्रावास मे सबसे बड़ा फर्जीवाड़ा छात्रो की उपस्थिति का है ग्राउंड रिपोर्टिंग करने मे जिले के संचालित सभी छात्रावासो मे 5 से 10 छात्र उपस्थित मिले लेकिन सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार उपस्थिति रजिस्टर मे शत-प्रतिशत छात्र उपस्थित रहते है इतना ही नही छात्रो को भोजन व्यवस्था बदहाल है और छात्रो को रोजमर्रा की वस्तुए निम्न क्वालिटी की दी जाती है और बिल स्टैंडर्ड कम्पनी के लगाकर निकाले जाते हैइसी क्रम मे अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास सीएम राइज विद्यालय मऊगंज के परिसर मे स्थित छात्रावास का यही हाल है जिसमे जूनियर छात्रऔ का छात्रावास है लेकिन अधीक्षक के द्वारा रात्रिकालीन विश्राम करना और रात्रि मे महिला कर्मचारी का होना आवश्यक है छात्रऔ ने नाम न छापने की शर्त मे बताया कि भोजन व्यवस्था के नाम पर पानी वाली दाल,मोटा चावल,पानी वाली सब्जी ही उपलब्ध रहती है अधीक्षक रात्रि मे कभी भी छात्रावास मे नही रहती सिर्फ रात्रि मे पुरूष चौकीदार रहता है अभिभावको के द्वारा बताया गया कि यह कृत्य घोर निंदनीय है और सरकार की मंशा के अनुरूप नही है अभिभावको ने प्रशासन से छात्रावासो का रात्रिकालीन निरिक्षण करने छात्रो की उपस्थित और अव्यवस्था की जांच कराकर फर्जीवाड़े करने वाले अधीक्षक पर कार्रवाई करने की मांग की है।